# त्योंदा क्षेत्र में बढ़ रहे अपराध

## ग्रामीणों में दशहत का माहौल, बदमाश बन रहे मुसीबत



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 1 फरवरी, गंजबासौदा ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि की भूख और बढ़ते अपराध ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय बन गए हैं.ग्रामीण गांव खाली कर रहे हैं और शहरों की तरफ कूच कर रहे हैं ग्रामीण अपने आप को असुरक्षित गांव में रहना मान रहे हैं. गांव राय खेड़ी में जो लाखों रुपए की लूट हुई है और उसमें गांव के लोग ही आरोपी निकले हैं अब इस स्थिति में गांव में रहना कैसे संभव है बागड़ ही खेत को खाने लगी है.ग्रामीण क्षेत्रों में युवा अपराधों में लिप्त पाए जा रहे हैं जिन पर गांव की सुरक्षा की जिम्मेदारी है वही गांव को लूटने लगे हैं जो सीधे सच्चे लोग हैं गांव में उनका रहना दूभर हो गया है.**

महिलाएं भी सुरक्षित नहीं है यही वजह है की ग्रामीण शहर में मकान लेकर अपने बच्चों को लिखा पढ़ा रहे हैं. गांव में बच्चों की ठीक से पढ़ाई भी नहीं हो रही है.इसके साथ स्वास्थ्य संबंधी परेशानी भी सामने आ रही है. ग्रामीण गांव की जगह शहर में रहना सुरक्षित मान रहे हैं.सड़क बिजली पानी यह व्यवस्थाएं भी गांव में नहीं मिल रही है यही वजह है की गांव खाली हो रहे हैं और शहर में वृद्धि हो रही है.त्योंदा थाना अंतर्गत जो गांव आते हैं वहां आए दिन लूटपाट मारपीट राहजनी की घटनाएं घटित हो रही है.जमीन जायदाद कृषि भूमि को लेकर लोगों में इतनी भूख बढ़ गई है कि वह अपने परिवार को तक नहीं छोड़ रहे हैं.कई हत्याएं भी लोभ मोह लालच मैं लालची लोग कर चुके हैं.पिता को लड़का भाई को भाई जान लेने पर अमादा है. इस क्षेत्र में फसलों के बीच में कुछ लोग गांजा के पेड़ भी लगाने लगे हैं.यहां बाहर के लोग लग्जरी गाड़ियों में आते हैं.गांजा लेने गांजा की खेती तथा बाहर से भी गांजा बुलवाया जाता है कुछ धार्मिक स्थल भी चर्चा में बने हुए हैं जहां लोग बैठकर गांजा पीते हैं.रसूलपुर गांव चर्चा में आया यहां भी अपराधिक गतिविधियां चरम पर हैं और लूटपाट मारपीट की घटनाएं सड़कों पर हो रही है.रात्रि के समय यहां सागौन के वृक्ष काटे जाते हैं यह क्षेत्र त्योंदा से लगा हुआ है.

## पुराने कोर्ट एरिया से हटाया जा रहा जर्जर निर्माण

### इन जर्जर भवनों में रह रहे लोगों को भी हटाने की योजना



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 1 फरवरी, प्रशासन द्वारा स्थानीय पुराना कोर्ट एरिया क्षेत्र में जर्जर निर्माण को हटाने की कार्यवाही की गई है. जिसके बाद रविवार को जर्जर निर्माण को हटाकर मलबे को हटाने की कार्यवाही जारी रही. वही प्रशासन के अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर कार्य का जायजा लिया.** शहर के पुराने कोर्ट एरिया परिसर काफी पुराना बना हुआ है. तथा यहां की इमारतें काफी जीर्णशीर्ण हो गई है. वहीं इन जीर्णशीर्ण इमारत के पास ही दुकानें लग रही थी. जिसे जनहानि एवं दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी. इसको लेकर विधायक ने भी चिंता जताई थी. इसके बाद प्रशासन द्वारा पुराना कोर्ट एरिया क्षेत्र में बनी इन जीर्णशीर्ण इमारतों एवं निर्माण को हटाने की कार्रवाई की गई. वहीं रविवार को भी इन जीर्णशीर्ण निर्माण को हटाने के साथ ही मलवा हटाने की कार्रवाई जारी रही. प्रशासन द्वारा यहां के अतिक्रमणों को हटाकर समतलीकरण का कार्य भी किया जा रहा है. साथ ही इस स्थान पर बाजार के ठेला चालकों को स्थानांतरित करने की भी योजना है. जिससे मुख्य बाजार में यातायात की व्यवस्था बनी रहे. तथा बाजार में बार-बार लगने वाले जाम से लोगों को निजात मिल सके. वही अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने तहसीलदार एवं अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर कार्य का जायजा लिया. इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि पुराने कोर्ट एरिया क्षेत्र में जो जर्जर निर्माण है, उनको हटाने की कार्रवाई की गई है. वहीं अब मलबे को भी हटाया जा रहा है. साथ ही जो इन जर्जर भवनों में रह रहे हैं, उनको भी हटाने की कार्रवाई की जावेगी.

## बिछिया में बीपीएल सीजन-2 का आगाज 4 फरवरी से, 16 टीमें लेंगी हिस्सा

नवभारत न्यूज

**शमशाबाद,** आईपीएल की तर्ज पर आयोजित होने वाली बिछिया प्रीमियर लीग (बीपीएल) सीजन-2 का आयोजन आगामी 4 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक बिछिया ग्राउंड में किया जाएगा.इस रोमांचक क्रिकेट टूर्नामेंट में विधानसभा क्षेत्र की 16 टीमें भाग ले रही हैं.टूर्नामेंट संयोजक जितेन्द्र कुशवाह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ 4 फरवरी को होगा, जबकि फाइनल मुकाबला व समापन समारोह 13 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट को भव्य स्वरूप देने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं.प्रथम पुरस्कार धनेश पाठक गुरुकुलम स्कूल, महानीम चौराहा द्वारा 41,000 रुपये नकद व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी.द्वितीय पुरस्कार सरपंच श्रीमती विनीता वीरेन्द्र रघुवंशी द्वारा 21,000 रुपये नकद,. तृतीय पुरस्कार उत्तम सिंह मीणा जनपद सदस्य द्वारा 11,000 रुपये नकद दिया जाएगा. स्वामी विवेकानंद बाल विद्या निकेतन स्कूल द्वारा मैन ऑफ द सीरीज खिलाड़ी को 32 इंच की एलसीडी टीवी पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी.वहीं बेस्ट बल्लेबाज, बेस्ट बॉलर को भी नगद राशि व ट्राफी दी जाएगी.

## नटेरन रामलीला मेले में लक्ष्मण ने काटी सूर्पनखा की नाक, खरदूषण वध की लीला



नवभारत न्यूज

**नटेरन,भैरव बाबा के प्रसिद्ध ऐतिहासिक रामलीला मेला में सूर्पनखा संवाद एवं खरदूषण वध की लीला की प्रस्तुति बांके बिहारी आदर्श रामलीला मंडली वृंदावन धाम द्वारा की गई.लीला के अंतर्गत प्रभु राम, लक्ष्मण, माता सीता पंचवटी पहुंचते हैं जहां रात्रि विश्राम करते हैं लंका पति रावण की बहन सूर्पनखा अत्यंत सुंदर भेश में वहां आती है राम लक्ष्मण का सौंदर्य निहार कर वह सुध बुध भूल जाती है भगवान श्री राम से अपने विवाह का प्रस्ताव रखते हुए कहती है.**

तुम सम पुरुष ना मो सम नारी. यह संयोग विधि रचा विचारी।। इस पर भगवान राम कहते हैं मेरी तो शादी हो गई है मेरे साथ मेरी भार्या सीता है तब उनके लघु भ्राता लक्ष्मण जी के पास शादी की फरियाद लेकर विवाह के लिए तरह-तरह से आकर्षित करती है और हास्य रूप में कहती है मैं तो छोड़ आई लंका का राज लक्ष्मण तेरे लिए उसपर लक्ष्मण जी कहते हैं की श्री राम मेरे स्वामी हैं तथा सेवक के घर तुम्हें आराम नहीं मिलेगा दोनों भाइयों के पास बार-बार जाती है उसे सफलता नहीं मिलती क्रोधित होकर सूर्पनखा विकराल रूप धारण करती है श्री राम का इशारा पाते ही लक्ष्मण जी सूर्पनखा को नाक कान से विहीन कर देते हैं सूर्पनखा रक्त रंजित होकर चींखती चिल्लाती हुई अपने भाइयों को पुकारते हुए खरदूषण के पास पहुंचती है सारा हाल बताती है इस पर खरदूषण भारी क्रोधित होता है राम लक्ष्मण का वध करने के लिए खरदूषण विशाल चतुरंगी सेना लेकर पंचवटी की और कूंच करते हैं एवं गर्जना करते हुए राम लक्ष्मण को ललकारते हैं यहां परस्पर दोनों तरफ तीखे संवाद के पश्चात युद्ध होता है अंत में प्रभु राम अपने तीक्ष्ण बाणों से सेना सहित खर दूषण का वध कर देते हैं.यहां से अहंकारी लंका पति रावण के पतन की कहानी शुरू होती है अंत में रामलीला मेला कमेटी अध्यक्ष ओ.पी.श्रीवास्तव ने बतलाया प्रतिष्ठा धूमिल होना ही नाक निपात है हमें अच्छी बातें सुनकर ग्रहण करना चाहिए जिससे हमारी प्रतिष्ठा रूपी नाक ना काटे हम सबको भारतीय संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए भारतीय संस्कृति पर गर्व होना चाहिए.

## सैण्ट एसआरएस स्कूल में मैरिट होल्डरों को नकद राशि के चेक किये वितरित

### यदि शिक्षा को धर्म से जोड़ लेते हैं तो जीवन बदल जाता है- स्वामी हरि हर दास महाराज



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,यदि शिक्षा को धर्म से जोड़ लें तो जीवन बदल जाता है. क्योंकि धर्म के माध्यम से ही व्यक्ति, समाज और राष्ट्र की उन्नति संभव है. यदि शिक्षा कम रह जाए तो कोई बात नहीं,लेकिन संस्कार, नैतिक गुण और धर्म-कर्म से व्यक्ति को उच्च स्थान प्राप्त हो सकता है. जबकि धर्म विहीन व्यक्ति घातक हो जाता है.**

यह बात वेदांत आश्रम के महंत श्री हरिहर दास जी ने स्थानीय सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 कार्यक्रम में कही.इस अवसर पर संस्था के उन छात्रों को नकद राशि के चेक वितरित किए, जिन्होंने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड की राज्य एवं जिला प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया था. इस दौरान संस्था की तान्या शर्मा को प्रदेश की हाई स्कूल मैरिट सूची में सातवां स्थान प्राप्त करने पर 25 हजार, कक्षा बारहवीं बोर्ड में जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान हासिल करने पर शिफा खानम एवं सुरभि रघुवंशी को उनके परिजनों की उपस्थति में 25-25 हजार के चेक प्रदान किए. इसी तरह हाई स्कूल जिला स्तरीय प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान बनाने पर भूमि सेन को 21 हजार एवं निहारिका तिवारी को जिला स्तरीय हायर सैकेण्डरी प्रावीण्य सूची में तीसरे स्थान के लिए 21 हजार का चेक प्रदान किया गया. वहीं अरुण अहिरवार को तृतीय स्थान बनाने पर 11 हजार रुपये का चेक प्रदान किया. ज्ञात हो कि संस्था के डायरेक्टर के .एस. यादव के द्वारा हर साल मेरिट होल्डर छात्र-छात्राओं को नकद राशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाता है.प्रतिभाओं को चेक वितरण करते हुए नपाध्यक्ष श्रीमती शशि यादव ने कहा कि आज के युग में शिक्षा प्राप्त कर बेटियां भी आसमान छू रही हैं. जीवन का कोई भी क्षेत्र हो, बेटियों ने अपनी प्रतिभा साबित की है.छह मैरिट होल्डर प्रतिभागियों में पांच बेटियां शामिल हैं.उन्होंने संस्था की शैक्षिक एवं अन्य गतिविधि उन्नति की प्रशंसा की. समाजसेवी कांति भाई शाह ने कहा कि धर्म से पहले राष्ट्र है. संस्था गुणग्राही बनकर मैरिट होल्डरों को नकद राशि प्रदान कर प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण का काम कर रही है.नागरिक बैंक के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार ने शेरों-शायरी के माध्यम से राष्ट्रीय भावनाओं को प्रकट किया.संस्था डायरेक्टर के.एस. यादव ने संस्था की गतिविधियों से अवगत कराया.प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने संस्कारों का महत्व समझाया। संस्था की मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती सुधा यादव ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया.कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ. संगीत शिक्षक शंभु गिरी गोस्वामी के निर्देशन में संगीत टीम ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत के साथ भजनों की प्रस्तुति दी.अतिथियों द्वारा संस्था के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत स्वर्गीय श्री बी.एल यादव एवं गत दिनों दिवंगत हुई संस्था की होनहार छात्रा स्व. सोनम कुर्मी को जन्मदिन पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए.

कार्यक्रम में नगरपालिका में सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, वार्ड क्रमांक चार रविदास कालोनी के पार्षद प्रतिनिधि मणि भाई अहिरवार, संस्था समिति के उपाध्यक्ष अवध नारायण श्रीवास्तव, समिति सदस्य शिव कुमार अवस्थी ने उपस्थित रहकर प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया. कार्यक्रम के आरंभ में जहां अतिथियों का संस्था परिवार द्वारा शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया वहीं वेदांत आश्रम केसंस्कृतविज्ञ वटुकों को भी शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया.कार्यक्रम का संचलन दिनकर कद्रे ने किया.इस अवसर पर संस्था की उप प्राचार्य श्रीमती रजनी गुप्ता, कार्डीनेटर प्रियंका अग्रवाल, प्रभारी सुमन श्रीवास्तव, वरिष्ठ व्याख्याता डॉ. विजय कुमार जैन, डॉ. अमर सिंह ठाकुर, कृष्णपाल सिंह चौहान, मनोज श्रीवास्तव, कुलेन्द्र श्रीवास्तव सहित विद्यालय परिवार ने अतिथियों का अभिनंदन किया.

शुभ हो आपकी हर सुबह, हर दिन, और पूरा जीवन...
विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर / एप स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए और लगातार 24 घण्टे आनंद लीजिए.
एन्ड्रॉयड आई फोन



## रजत पत्र से सम्मानित हुये वरिष्ठ भाजपा नेता

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जनसंघ के कार्यकर्ताओं के सम्मान के चलते सिरोंज विधानसभा के वरिष्ठ नेता हरिशंकर त्यागी को सम्मानित किया गया. उन्होंने संगठन के विभिन्न दायित्व पर काम किया. प्रदेश अटल स्मृति समिति के प्रमुख धीरज पटेरिया ने समिति के सदस्यों के साथ उनके निवास आकर सम्मानित किया. इस दौरान उन्होंने अटल स्मृति समिति के प्रमुख एवं सदस्यों का आभार जताया.

## पिपलियाहाट में माघ पूर्णिमा पर हुये ब्राह्मण भोज



नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** बाबा अमरनाथ बर्फानी दरबार ग्राम पिपलियाहाट में माघ पूर्णिमा के पावन रविवार को ब्राह्मण भोज का आयोजन किया गया. इस मौके पर भक्तों ने बाबा अमरनाथ बर्फानी दरबार में दर्शन कर पूजा अर्चना की. इस मौके पर महामंडलेश्वर श्री गोपालदास जी महाराज, संत श्री ओमकार दास जी महाराज सहित संत मंडली मौजूद रही. इस दौरान समिति द्वारा संतों का पूजन एवं पुष्पवर्षा कर संतों का सम्मान किया गया. वही विप्रजनों ने प्रसादी ग्रहण की.

## राजकीय सम्मान से हुआ 27 वां देहदान

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** विकास पचौरी फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे देहदान नेत्रदान एवं रक्तदान की जागरूकता मिशन के चलते बीते रविवार को विदिशा मेडिकल कालेज में आज्ञाराम कालोनी विदिशा निवासी स्व. राजाराम पवार के मृत शरीर की देहदान प्रक्रिया पूरी की गई। अब विदिशा मेडिकल कॉलेज में विकास पचौरी फाउंडेशन के सहयोग से बीते वर्षों में दान किए गए पार्थिव शरीरों की कुल संख्या 27 हो गई है.

गांधी नगर आज्ञाराम कालोनी विदिशा निवासी राजाराम पवार एवं उनकी पत्नी शोभा पवार ने 16 जुलाई 2019 को विकास पचौरी फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे मरणोपरांत नेत्रदान और देहदान अभियान से प्रेरित होकर मृत्यु उपरांत देहदान का संकल्प लेकर वसीयत लिखी थी.जिसमें जिक्र था कि मेरी मृत्यु के बाद पार्थिव शरीर को किसी भी मेडिकल कॉलेज में दान कर दिया जावे ताकि यह शरीर पीड़ित मानवता के काम आ सके. बीते दिवस उनके निधन के बाद रविवार को अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज विदिशा में परिजनों द्वारा समाजसेवी विकास पचौरी से सहयोग लेकर इनके मृत शरीर को दान कर दिया.देहदान के पूर्व जिला प्रशासन द्वारा देहदानी राजाराम पवार के पार्थिव शरीर को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अर्पित किया गया और उनके सम्मान में पुलिस बल द्वारा गार्डन ऑफ़ ऑनर देकर श्रद्धांजलि दी गई देहदान के समय मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी हाल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ, जिसमें परिजनों सहित मेडिकल स्टाफ सहित अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की ।समाजसेवी विकास पचौरी ने बताया कि देहदान संकल्प प्रक्रिया पूर्णता निःशुल्क है, संकल्प लेने वाले को सिर्फ आधार कार्ड एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना आवश्यक है. शेरपुरा विदिशा स्थित सेवा घर में आकर यह संकल्प प्रक्रिया पूरी की जा सकती है.



## पूर्णाहुति और भंडारा के साथ महायज्ञ संपन्न, संतों की हुई विदाई

नवभारत न्यूज

**पठारी,** श्री महायज्ञ में हजारों संतों के बीच श्री बालाजी धाम के श्री महंत को मठाधीश नियुक्त किया गया.वहीं धाम के युवराज को श्री महंत का अभिषेक किया गया। 51 कुंडात्मक श्री राम महायज्ञ की पूर्ण आहुति और विशाल भंडारा के साथ संपन्न हुआ. इसके पश्चात संतों की विदाई की गई.

24 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित होने वाले 51 कुंडात्मक श्री राम महायज्ञ एवं श्री राम कथा का समापन किया गया. जिसमें हजारों संतों के साथ यजवानों, श्रद्धालुओं और भक्तों ने पूर्णाहुति की गई। इसी दौरान हजारों संतों की मौजूदगी में मल्हारगढ़ के पूज्य जगतगुरु राम गोपाल दास जी महाराज की विशेष उपस्थिति में श्री बालाजी धाम बड़ोह के श्री महंत विष्णु दास जी महाराज का मठाधीश अभिषेक किया गया.वहीं श्री बालाजी धाम बड़ोह के युवराज रसिक दास जी महाराज का श्री महंत अभिषेक किया गया. इस दौरान साधु संतों ने अपनी सहमति और समर्थन देकर धर्म ध्वजा लहराकर जय घोष किया.भक्तों और श्रद्धालुओं ने श्री मठाधीश विष्णु दास जी महाराज और नव नियुक्त श्री महंत रसिक दास जी महाराज का पुष्पमालाओं से स्वागत अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया.इस दौरान अंचल के महामंडलेश्वर, श्री महंत, संत, पुजारी, यज्ञाचार्य, यज्ञ व्यास, कथा व्यास, मुख्य यजमान, यजवान, श्रद्धालु, भक्त, अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी का कार्यकर्ता मौजूद थे.

## पंचतत्व ने विचरते पशुओं के लिए जलपात्र रखे

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** पंचतत्व संरक्षण समिति पक्षी चेतना अभियान के तहत नए बस स्टैंड पर विचरते पशुओं के लिए सीमेंट की एक बड़ी टंकी रखी, टंकी पंचतत्व के वरिष्ठ सदस्य रवि शंकर गौड़ के सौजन्य से रखी गई, जिसे भरने की जिम्मेदारी बस स्टैंड के दुकानदार संजू रघुवंशी ने ली.पंचतत्व कई वर्षों से यह कार्य निरंतर करते आ रही है. इस अवसर पर पंचतत्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी सदस्य देवेंद्र यादव, विजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे.

श्रमदान | साप्ताहिक स्वच्छता अभियान का 17वां चरण, हो रही सफाई

# नदी जल स्वच्छता-आस्था, जिम्मेदारी और हमारा भविष्य



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, सभ्यता की जननी कही जाने वाली नदियों को भारतीय संस्कृति में, जहाँ माँ कहकर पूजा जाता है, वहाँ उनकी वर्तमान स्थिति हृदयविदारक है.साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत संपन्न हुआ 17वां चरण का नदी स्वच्छता कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि यदि संकल्प दृढ़ हो, तो एक छोटा सा प्रयास जनआंदोलन का रूप ले सकता है. लेकिन प्रश्न यह है कि क्या कुछ हाथों का श्रमदान पूरी सभ्यता की लापरवाही को ढंक पाएगा? आज नदियों के प्रति समाज की उदासीनता एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है आज समाज नदियों के प्रति एक अजीबोगरीब दोहरे मापदंड के साथ जी रहा है.**

एक ओर हम नदियों के जल से आचमन करते हैं, उन्हें पापनाशिनी कहते हैं, और दूसरी ओर उसी जल में प्लास्टिक, रासायनिक अपशिष्ट और पूजन सामग्री प्रवाहित करने में संकोच नहीं करते. आज धार्मिक कट्टरता स्वच्छता का सबसे बड़ा शत्रु बनती जा रही है.हम आस्था के नाम पर नदियों में ऐसी सामग्री डालते हैं जो जल को विषाक्त करती है.यही कारण है कि अब श्रद्धा और जिम्मेदारी के बीच का संतुलन बिगड़ता जा रहा है. साथ ही साथ समाज के एक बड़े वर्ग ने मान लिया है कि नदियों को साफ रखना केवल सरकार या नगर पालिकाओं का काम है.हम भूल गए हैं कि नदी हमारी साझा विरासत है.हालांकि समाज के साथ साथ सरकारी तंत्र भी नदियों की दुर्दशा के लिए बराबरी से जिम्मेदार है शहरों का गंदा नाला हो या औद्योगिक कचरा, नदियों को हमने कूड़ेदान समझ लिया है. यदि नदियों के प्रति हमारी यह बेरुखी ऐसे ही जारी रही, तो इसके परिणाम केवल पर्यावरण तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि मानव अस्तित्व पर संकट खड़ा कर देंगे.प्रदूषित नदियाँ पीने योग्य जल के स्रोतों को खत्म कर रही हैं.भूजल स्तर भी इससे प्रभावित हो रहा है. दूषित जल से हैजा, टाइफाइड और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियाँ महामारी का रूप ले रही हैं. जल में रहने वाले जीव मर रहे हैं, जिससे पूरी खाद्य श्रृंखला प्रभावित हो रही है.जैसा कि श्रमदान अभियान का संदेश है, यदि हम आज नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ी को विरासत में केवल सूखी रेत और पछतावा ही मिलेगा.श्रमदान दल के साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0% ने यह सिद्ध कर दिया है कि परिवर्तन आदेश से नहीं, बल्कि आचरण से आता है. पिछले 4 वर्षों और निरंतर 16 सप्ताहों का यह सफर बताता है कि-जब व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझता है, तो वह समाज को प्रेरित करता है.नदी तट पर एकत्रित होने वाले श्रमदान दल के सदस्य केवल कचरा नहीं हटा रहे, बल्कि वे लोगों की चेतना से उदासीनता की काई साफ कर रहे हैं. आज हर किसी को समझना होगा कि संकल्प से ही समाधान संभव है क्यों कि नदी पूजनीय तभी है, जब वह स्वच्छ और अविरल हो. हमें अपनी सोच बदलनी होगी प्लास्टिक मुक्त नदी तट और कचरा मुक्त जल ही हमारी आस्था की सच्ची कसौटी है.याद रखिये जब हाथ जुड़ते हैं, तब इतिहास बनता है; और जब संकल्प जुड़ता है, तब आंदोलन जन्म लेता है.आइए, आप भी इस जनआंदोलन का हिस्सा बनें. हर रविवार न सही, लेकिन हर दिन यह संकल्प लें कि हम अपनी नदियों को मैला नहीं करेंगे. क्योंकि नदी बचेगी, तभी मानवता बचेगी.


Office of The Principal Govt. Model Degree College, Vidisha (NMDC Vidisha), M.P.

Online Item rate bids are invited for the following Items from Registered Manufacture/ Reputed Dealer/ Contractors and Firms who has fulfill Eligibility criteria of NIT

Notice Inviting E-Tender

| S. No. | System tender no. | Name of Work | Cost of Bid Document & EMD (In Rs.) | Period of Completion (In Months) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_HED_478135 | Supply, Installation and Commissioning of All (Botany, Chemistry, Geography ,Physics and Zoology Lab Equipment at item wise on Turnkey Basis at Govt. Model College, Vidisha (NMDC Vidisha), MP, India, 464001. | 5000.00 & 150000.00 | 2 (Months) i/c Rainy Season |

1. Interested bidders can view the detailed NIT on website http:// www.mptenders.gov.in
2. The bid document can be purchased, Download and submission of bid online from 24/01/2026 at 10:30 Hrs to 16/02/2026 till 17:00 Hrs
3 Bid Opening Online Envelope A (Technical Bid) 18/02/2026 At 11:00 Hrs, Envelope C (Financial Bid) after Technical Evaluation
4. Amendment of NIT if any would be published on website only and not in newspapers.

Principal
Govt. Model College,
Vidisha (NMDC Vidisha),
(M.P. ) 9755333595